an>

Title: Need to provide employment to displaced people in Korba parliamentary constituency, Chhattisgarh in South Eastern Coal Fields Limited.

डॉ. बंशीलाल महतो (कोरबा): साऊथ इस्टर्न कोल्फिल्ड लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) देश की अग्रणी एवं सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनियों में से एक है। मुख्य रुप से छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश इसके क्षेत्राधिकार में आते हैं, जिनमें लगभग 35 खदानें मेरे संसदीय क्षेत्र कोरबा में स्थित हैं, गेवरा, कुसमुंडा मानिकपुर, ढेलवाडीह, सिंघाली, छुराकछार, बाकीमोंगरा, रजगामार, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़ इत्यादि प्रमुख योजनाएं हैं, कोरबा एवं कोरिया जिला कोयला खदानों के लिए ही जाना जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य में विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र में साऊथ इस्टर्न कोल्फिल्ड लिमिटेड में विस्थपित व्यक्तियों को नौकरी देने संबंधी अनेक मामले लंबित हैं। मेरे द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर पात्र लोगों को उनका अधिकार दिलाने हेतु अनेक प्रयास किए गए, साथ ही जिले के प्रभारी मंत्री जी के साथ बैठक कर समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया गया, परंतु उक्त मामले का अभी तक उचित समाधान नहीं निकल पाया है। भूमि अधिग्रहण के कारण विस्थापित होने वाले पात्र व्यक्तियों को मूलभूत सुविधाओं सहित उनका समुचित पुनर्वास किया जाना आवश्यक है। क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो, सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं कोरबा क्षेत्र के कोयले के साथ ही बॉक्साइट की खदानें हैं तथा एल्युमिनियम उद्योग हैं, अतः माइनिंग कॉलेज प्रारंभ किया जाना चाहिए। मैं उत्खनन कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण के कारण विस्थापित होने वाले पात्र व्यक्तियों को शीघ्र नौकरी एवं समुचित पुनर्वास उपलब्ध कराने का अनुरोध करता हूँ।